# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– BRRDA(HQ)-MMGSY-15/18 262 /पटना, दिनांक– 3.3.2020

प्रेषक,

मनोज कुमार
उप सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

आंतरिक वित्तीय सलाहकार द्वारा अनौपचारिक रूप से परामर्शित

विषय : **मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना**–मांग संख्या–37, मुख्य शीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–796–**जनजातीय** क्षेत्र उप योजना, उप शीर्ष–0109–मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (विपत्र कोड–37–4515007960109) के अन्तर्गत प्रत्येक योजना के निर्माण एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य हेतु सूची के स्तम्भ–9 में अंकित राशि का योजनावार प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महाशय,

मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अनुसूचित जनजाति) अन्तर्गत वित्तीय वर्ष **2019–20** के लिए कार्य प्रमंडल, **बाँका–2** के अधीन **15 (पन्द्रह)** पथ योजनाओं के निर्माण एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य सहित निम्न तालिका के स्तम्भ–9 में अंकित राशि का योजनावार प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया जाता है।

| Sl No. | Division | Block | Category | Name of Road | Priority no of Sup. Core Network-II | Length (In km) | Total Population Served | Administrative Approval Amount ( In Lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Banka-2 | Katoriya | ST | Chiriyan More Indudih PMGSY Road Near Gosalawaran to Bathna Baran | 2 | 4.896 | 908 | 364.463 |
| 2 | Banka-2 | Katoriya | ST | Chiriyan More Indudih PMGSY Road to Upar Gahira | 4 | 1.714 | 303 | 134.926 |
| | | | | | **Total** | **6.610** | **1211** | **499.389** |
| 3 | Banka-2 | Rajoun | ST | PMGSY L096 to Kauwabadi Mahadalit Tola | 9 | 1.597 | 250 | 110.701 |
| 4 | Banka-2 | Rajoun | ST | PMGSY L083 to Bakhadidha Dalit Tola | 10 | 0.730 | 260 | 59.027 |
| 5 | Banka-2 | Rajoun | ST | Nanduchak PMGSY to Abdachak Mahadalit Tola | 14 | 0.686 | 265 | 48.379 |
| 6 | Banka-2 | Rajoun | ST | Jabra PMGSY to Jabra Mahadalit Tola | 17 | 0.627 | 305 | 41.370 |
| 7 | Banka-2 | Rajoun | ST | PMGSY Sohil to Ranitikar Dalit Tola | 29 | 0.827 | 270 | 61.703 |
| | | | | | **Total** | **4.467** | **1350** | **321.180** |
| 8 | Banka-2 | Dhoraiya | ST | Dhoraiya Sanhaula Road to Assi Mahadalit Tola | 9 | 0.326 | 301 | 25.651 |
| 9 | Banka-2 | Dhoraiya | ST | Poriyachak Gangti Road to Gangti Mahadalit Tola | 13 | 0.477 | 258 | 43.272 |
| 10 | Banka-2 | Dhoraiya | ST | Poriyachak Datin Road to Datin Santhali Tola | 14 | 0.815 | 275 | 74.785 |
| 11 | Banka-2 | Dhoraiya | ST | Sasan Bhagondha Road to Poraichak Santhali Tola | 15 | 0.576 | 265 | 49.602 |
| 12 | Banka-2 | Dhoraiya | ST | Rifayatpur Rampur Road to Rampur Mansuri Tola | 21 | 0.899 | 260 | 98.356 |
| 13 | Banka-2 | Dhoraiya | ST | Dhoraiya Panjwara Road to Rifayatpur Rai Tola | 22 | 0.541 | 255 | 49.375 |
| 14 | Banka-2 | Dhoraiya | ST | Lahoriya Jhajha Road to Jhajha Katahara Tola | 23 | 0.377 | 267 | 24.926 |
| 15 | Banka-2 | Dhoraiya | ST | Basbitta Middle School to Majhgany Laiya Tola | 29 | 0.862 | 315 | 82.793 |
| | | | | | **Total** | **4.873** | **2196** | **448.760** |
| | | | | | **Grand Total** | **15.950** | **4757** | **1269.329** |

2. विभागीय सचिव द्वारा दिनांक **18.02.2020** को निम्न शर्तों के साथ इन योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है:–

(क) **इन** योजनाओं को दो वित्तीय वर्ष, अर्थात वर्ष **2020–21** एवं वर्ष **2021–22** में पूरा किये जाने का लक्ष्य है।

(ख) कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, **बाँका–2** योजनाओं के विस्तृत कार्य योजना तैयार करेंगे तथा उसके अनुरूप कार्यो को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

(ग) स्वीकृत योजना की प्रविष्टि पूरक राज्य कोर नेटवर्क-II के मानचित्र पर भी कर लिया जायेगा।

(घ) कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, **बाँका–2** सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत पथ किसी अन्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं है एवं पूर्व में इन पथों की प्रशासनिक स्वीकृति नही दी गयी है।

(ड़) इन योजनाओं के पंचवर्षीय रख–रखाव की राशि 3054 मद् से भारित किया जायेगा।

3. कार्य ई–निविदा के माध्यम से Standard Bidding Document के आधार पर कराया जायेगा।

4. इन योजनाओं के चयन के प्रस्ताव पर माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना का अनुमोदन पृ0–16/टि० पर प्राप्त है।

5. सारणी में अंकित उक्त योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति के प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार सचिव महोदय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिनांक–**18.02.2020** को संचिका संख्या–**BRRDA(HQ)-MMGSY-15/18** के पृष्ठ–**45**/टि0 पर अनुमोदन प्राप्त है।

6. योजनाओं के कार्यान्वयन के पूर्व डी0पी0आर0 पर कार्यपालक अभियंता द्वारा सक्षम प्राधिकार से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी।

7. योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति प्रदान किये जाने के क्रम में प्रावधानित प्रत्येक मद् की संभाव्ययता की जाँच सक्षम प्राधिकार द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

8. (क) ब्राडा के लिए निर्धारित प्रावधान/प्रक्रिया के आलोक में बजट प्रावधान के अंतर्गत राशि की निकासी की जाएगी।

(ख) कार्यपालक अभियंता (PIU) का उत्तरदायित्व होगा कि कार्यो का विशिष्टताओं/ विशिष्टि के अनुरुप कार्यान्वित कराकर एकरारनामा एवं सुसंगत वित्तीय प्रावधानों के पालन उपरान्त पूर्णतः संतुष्ट होकर ही राशि की निकासी एवं व्ययन करेगें।

(ग) वित्त विभाग की संकल्प संख्या एम–4–53/2007–3758/वि0, दिनांक–31.05.2017 में निहित निदेशो का अक्षरशः पालन किया जाएगा तथा बिहार वित्त नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में योजना में उपबंधित राशि की उपलब्धता के आधार पर व्यय की जाएगी।

(घ) यह राशि उसी मद में खर्च की जाएगी जिसके लिए पुनर्विनियोजित की गयी है, अन्य मद में नहीं।

(ड.) प्राक्कलन की विशिष्टताओं के अनुसार निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

(च) योजना के कार्यान्वयन के क्रम में इनका निर्धारित निरीक्षण, सरकार से निर्गत आदेशों में प्रावधानित सक्षम नियंत्री पदाधिकारियों द्वारा नियमित अंतराल पर अनिवार्य रूप से किया जाएगा एवं कार्यों को स–समय तथा गुणवत्तापूर्वक सम्पन्न कराना सुनिश्चित कराया जाएगा। योजना के कार्यान्वयन में अनियमितता की स्थिति में दोषी पदाधिकारी उत्तरदायी माने जाएंगे।

(छ) संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा योजनाओं का वित्तीय एवं भौतिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह की पाँच तारीख तक ऑनलाईन प्रविष्टि कराते हुए अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से विभाग को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे।

9. स्वीकृत्यादेश प्रारूप आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जा रहा है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–**BRRDA(HQ)-MMGSY-15/18** पृष्ठ संख्या–48 /टि0 पर दिनांक–25/02/2020को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

सरकार के उप सचिव

2/3/2020

ज्ञापांक: BRRDA(HQ)-MMGSY-**15/18** 262 /पटना, दिनांक– 3.3.2020

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा)/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग/प्रमण्डलीय आयुक्त, **भागलपुर**/जिला पदाधिकारी, **बाँका**/उप विकास आयुक्त, **बाँका**/ अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना/अवर सचिव, बजट शाखा, ग्रामीण कार्य विभाग/मुख्य अभियंता–**2**, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना/मुख्य अभियंता–**4**, ग्रामीण कार्य विभाग/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, **भागलपुर**/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **बाँका–2**/संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित तथा IT Manager, ग्रामीण कार्य विभाग को विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव
2/3/2020